## गंदा पानी पीने को मजबूर लोधीखेड़ा के रहवासी



**लोधीखेड़ा/सौसर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन एवं केंद्र शासन की विभिन्न योजना के जरिए ग्रामीण एवं शहरी स्तर पर नल जल को सुदृढ़ बनाने हेतु विभिन्न योजनाएं पटल पर दिखाई पड़ रही है। मगर ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्रों में जनप्रतिनिधि या तो कह अधिकारी या कर्मचारी इसमें पतीला लगा रहे हैं। लोधीखेड़ा नगर में 9 करोड रुपए की लागत से बनने वाली नल जल आवर्धन योजना के बावजूद भी लोधीखेड़ा नगर वासियों को गंदा एवं बदबूदार पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि केंद्र शासन द्वारा नगर परिषद लोधीखेड़ा को नल जल आवर्धन योजना के अंतर्गत 9 करोड रुपए के लगभग राशि को आवंटित की गई थी। शासन की राशि का जमकर नगर परिषद लोधीखेड़ा एवं अधिकारियों ने पतीला लगाया जो की एक चर्चा का विषय भी बना हुआ था, अब यह स्थिति बनी हुई है कि फिल्टर प्लांट होने के बावजूद भी लोधीखेड़ा नगर वासियों को गंदा पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है।

लोधीखेड़ा नगर परिषद में लोधीखेड़ा नगर के युवा संगठन एवं नगर की महिलाओं द्वारा ज्ञापन के माध्यम से नगर परिषद के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराना चाहा मगर युवाओं महिलाओं के संगठन नगर परिषद पहुंचने पर नगर परिषद के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि नदारत दिखे इसके पूर्व भी नगर की सामाजिक महिला संगठन एवं जनप्रतिनिधियों ने नगर परिषद लोधीखेड़ा सीएमओ के समक्ष पेयजल आपूर्ति को लेकर जमकर भड़ास निकाली थी वहीं लोधीखेड़ा नगर परिषद के सभापति द्वारा सीएमओ पर नल जल समस्या को लेकर मनमानी का आरोप लगाते हुए साफ देखा जा सकता हैं तो वहीं नगर परिषद के जन प्रतिनिधि लोधीखेड़ा नगर के विकास को लेकर एक मत नहीं दिखाई पड़ते ज्ञापन देने पहुंचे आशीष गोखे एवं सागर साखरे के साथ युवाओं ने बताया कि आने वाले दिनों में अगर ऐसे ही स्थिति बनी रहेगी तो नगर के विभिन्न संगठनों एवं महिला संगठनों द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसका शासन प्रशासन स्वयं जिम्मेदार रहेगा

**नगर के युवा पहुंचे थे ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराने**–लोधीखेड़ा नगर के युवा संगठन एवं सामाजिक व महिला संगठनों द्वारा नगर में किए जा रहे गंदे पानी वह बदबूदार पानी का ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराने हेतु नगर परिषद लोधीखेड़ा पहुंचे थे मगर नगर परिषद में ना अधिकारी वर्ग ना ही कोई जनप्रतिनिधि उपस्थित था कोरोना काल से यह देखने में साफ तौर पर दिख रहा है कि हर शनिवार को परंपरागत तरीके से नगर परिषद को बंद रखा जाता है जिससे होने वाली समस्याओं के कारण नगर के ग्रामीण जनता को दो–चार होना पड़ता है यह भी एक चर्चा का विषय बना हुआ है की शासन द्वारा शनिवार के दिन भी अवकाश का दिवस घोषित कर रखा है

### इनका कहना है

नगर की पेयजल समस्या का निराकरण नहीं किया गया व ऐसा ही गंदा पानी नगर में नगर परिषद द्वारा दिया गया, तो आने वाले दिनों में नगर के सामाजिक व युवा संगठनों द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

**आशीष गोखे,** सागर साखरे

नगर की जनता की समस्याओं को संज्ञान में लेते हैं हुए आने वाले दिनों में इस समस्या का निराकरण कर दिया जाएगा ताकि नगर की जनता को साफ सुथरा पानी मिल सके।

**अर्चना वीरेंद्र जायसवाल,** नगर परिषद अध्यक्ष लोधीखेड़ा

## जगन्नाथ रथयात्रा में शामिल हुए विधायक मुनमुन



**सिवनी, देशबन्धु।** देशबन्धु। सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा में रविवार को सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया। आज सिवनी नगर के छिंदवाड़ा चौक से राशि लान बारापत्थर तक निकाली गयी। यात्रा आरंभ होने के पूर्व विधायक ने पूजन–अर्चन कर सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करने कामना किया। इसके साथ ही विधायक को उपस्थित भक्तजनों के साथ भव्य, सुसज्जित भगवान श्री जगन्नाथ के रथ को खींचने एवं यात्रा मार्ग मे भजन, कीर्तन व सेवा कार्य का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

इस गरिमापूर्ण अवसर पर ज्ञानचंद्र सनोडिया अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सिवनी, अजय पांडे अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पीजी कालेज, घनश्याम बघेल जिलाध्यक्ष नमोविमं, मुकेश चंदेल, डॉ बसंत राय, दिनेश चौकसे, दीपू मिश्रा, अजय गहलोत एवं बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## सार-समाचार

### एआईसीसी पर्यवेक्षक ने ली वैठक

**चौरई, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी की संगठन सृजन को केंद्र में रखते हुए महत्वाकांक्षी संगठन अभियान के अंतर्गत आज केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव संजय कपूर सहित प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा नियुक्त सह पर्यवेक्षक सुनील जायसवाल , पर्यवेक्षक अमोल डिमोल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे का चौरई स्थित सरोज वाटिका लॉन में आगमन हुआ, जिसमें संगठन के नव सृजन, कार्यप्रणाली, कार्यकर्ता स्तर पर सुचारू दलीय प्रबंधन एवं महत्वपूर्ण कार्यप्रणालियों के संबंध में चर्चाएं की गई। कार्यक्रम में विधायक सुजीत सिंह चौधरी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तीरथ सिंह ठाकुर, विधानसभा कांग्रेस समन्वयक बैजू वर्मा सहित सभी क्षेत्रीय समितियों, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस एवं समस्त आनुषंगिक संगठनों के सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पर्यवेक्षकों द्वारा आम कार्यकर्ताओं के सुझावों को वाद संवाद के माध्यम से सुना गया साथ ही उनके अहम बिंदुओं और सुझावों को सुनकर विचार के लिए रखा गया।

### स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

**सिवनी, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद सिवनी में विगत दिवस स्वास्थ्य विभाग सिवनी के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शासन के द्वारा समस्त विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों व उनके परिजनों की जिनकी उम्र 30 वर्ष से अधिक है उनकी नेफेल्ड, बीपी, सुगर, हेपीटाइटिस, एचआईवी जांच हेतु शिविर आयोजित किया गया था, जिसमें अध्यक्ष मुख्य नगरपालिका अधिकारी सहित निकाय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने शिविर के माध्यम से अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई शिविर में लगभग 70 से अधिक लोगो ने लाभ प्राप्त किया।

### व्रती नगरी पिंडरई में मुनिद्वय का मंगल प्रवेश

**पिंडरई, मंडला, देशबन्धु।** आज पिंडरई में युग शिरोमणि आचार्य भगवन विद्यासागर महाराज एवं विद्या शिरोमणि आचार्य श्री समयसागर के मंगल आशीर्वाद से चातुर्मास हेतु शनिवार को पूज्य मुनिश्री नीरजसागर एवं पूज्य मुनिश्री निर्मदसागर का व्रती नगरी में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। घोड़े, रथ, बेंड ध्वजाओं के मध्य श्रावक एवं श्राविकाओं पक्तियों के शीर्ष भाग में मुनिद्वय ऋद्धिधारी ऋषिराज की तरह प्रतीत हो रहें थे। साधु सेवा समिति के मिडिया प्रभारी ऋषभ जैन ने बताया कि चातुर्मास को लेकर सम्पूर्ण नगर में उत्साह का माहौल है। ज्ञाताव्य हैं कि चातुर्मास के दौरन लगातार विविध धार्मिक अनुष्ठान होते हैं। साधुओ के आगमन से इन अनुष्ठानो में चारचाँद लग जाते हैं।



## सहेजने और संवारने से गढ़ी बावड़ी बनी आकर्षण का केन्द्र, भू-जल स्तर बढाने में बनेगी सहायक

### अब वर्षाजल एकत्रित होने से क्षेत्रीय ग्रामीणों को मिलेगा लाभ



**सिवनी, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जनसमुदाय और जिला प्रशासन की भागीदारी से जिले में मौजूद प्राचीन बावड़ियों, कूप और अन्य जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। शासन की इस पहल से प्राचीन जल स्त्रोतों को सहेजने एवं संवारने से इन जल संरचनाओं को पुनर्जीवन मिल रहा है।

कलेक्टर संस्कृति जैन के निर्देशन में अभियान अंतर्गत जल संरचनाओं के पुनर्जीवन के विभिन्न कार्यो के साथ ही छपारा मुख्यालय में ऐतिहासिक गढ़ी बावड़ी को भी पुनर्जीवन मिला है। जन अभियान परिषद के अधिकारियों एवं कमर्चारियों और स्थानीय नागरिकों की भागीदारी से कालान्तर में झाड़ियों और मिट्टी से ढंकी बावड़ी की साफ–सफाई और रंग रोशन कर आकर्षक और उपयोगी बनाया गया है।

ऐतिहासिक गढ़ी बावड़ी का नवीनीकरण किये जाने से यह बावडियां अब लोगों के आकर्षण का केन्द्र बन रही है। वर्षा पूर्व बावडियों की साफ–सफाई और पानी संग्रहण के लिए प्राकृतिक जल स्रोतों की सफाई से उम्मीद है कि बावडियों में पर्याप्त मात्रा में वर्षाजल एकत्रित होगा, जिसका लाभ क्षेत्रीय ग्रामीणों को तो मिलेगा ही, बल्कि यह बावडियां भू–जल स्तर बढाने में भी मदद करेंगी।

## पंचायत उप निर्वाचन का कार्यक्रम जारी

**सिवनी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों की रिक्त सीटों की पूर्ति के लिए उप निर्वाचन वर्ष 2025 पूर्वाध का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। कार्यक्रम अनुसार सिवनी जिलें की विभिन्न जनपदों में रिक्त 20 पंच एवं 1 सरपंच सीट के लिए मंगलवार एक जुलाई को प्रात: 10.30 बजे निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन के साथ ही नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की कार्रवाई प्रारंभ हो जाएगी। सीटों के आरक्षण संबंधी सूचना का प्रकाशन एवं मतदान केंद्र की सूची का प्रकाशन भी एक जुलाई को किया जाएगा।कार्यक्रम अनुसार नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 8 जुलाई निर्धारित है। नाम निर्देशन पत्र की जांच 9 जुलाई को की जाएगी, अभ्यर्थियों से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 11 जुलाई निर्धारित है तथा 11 जुलाई को ही शेष अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन किया जाएगा।

## सुनीं पीएम के मन की बात



**पिपलानारायणवार, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री की मन की बात को पांढुर्णा जिले के सौसर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बानाबाकोडा में बूथ संख्या–143 में पांढुर्णा भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सुना। यह कार्यक्रम न केवल देशवासियों को जोड़ता है, बल्कि हमें नई ऊर्जा और दिशा भी प्रदान करता है।

प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए विचार, समाज सेवा, नवाचार, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र के विकास से जुड़े हर व्यक्ति को प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता मोरेश्वर मर्सकोले,सरपंच रशिका जीवनदान बेन्डे ,पीपला नारायणवार मंडल अध्यक्ष सदानंद डोंगरे,रामराव बेंडे,शंकर निंबुरकर, शाताराम बेंडे, मोरेश्वर बेंडे, शेषराव राउत, हरीहर डोंगरे, कल्पना डहाके ,जीवंधर बेन्डे,प्रदीप माहेश्वरी, प्रेमराज कोठे, पंढरी जूनघरे, दिलीप ठाकरे,रामदास बेन्डे, ज्ञानेश्वर इवनाती, केशव पापडकर, देवीदास बेन्डे, शांताराम डहाके, जगदीश सकरड़े ,सुधाकर काले, धर्मेंद्र घाघरे,सागर बेन्डे, आशीष बेन्डे, संतोष डोंगर व अन्य उपस्थित रहे।

## सरपंच ने कलेक्टर जनसुनवाई में लगाया शिक्षकों की मांग का आवेदन



**छपारा, देशबन्धु।** शिक्षकों की अनुपलब्धता छात्रों को संपूर्ण शिक्षक प्राप्त करने में एक बड़ी बाधा है शिक्षक छात्रों को ज्ञान प्रदान करने उनकी समझ विकसित करने और उनके कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं शिक्षकों के अभाव में छात्रों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है । स्कूल में शिक्षकों की कमी के चलते जनपद पंचायत छपारा के अंतर्गत ग्राम पंचायत लकवह के सरपंच सुखमान मरकाम ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिला कलेक्टर सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और हाई स्कूल मे शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति करने आवेदन दिया है।

ग्राम पंचायत के सरपंच को पंचायत भवन में प्रबंधन समिति और पालक संघ समिति की बैठक में ज्ञापन दिया था स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था कराये तब सरपंच ने पालक शिक्षक संघ और प्रबंधन समिति को आश्वासन दिया कि मैं जिला कलेक्टर और विधायक महोदय से टीचरों की रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए मांग करूंगा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लकवह में एक टीचर छठवीं सातवीं आठवीं कक्षा के छात्राओं को अध्ययन करते हैं इसी तरह प्राथमिक शाला निवारी में दो टीचर है दोनों बरघाट से आना जाना करते हैं आधा समय आने–जाने में लग जाता है ऐसी स्थिति में बच्चों को क्या शिक्षा देते होंगे एक बड़ा प्रश्न है। ऐसे शिक्षक सरकारी स्कूलों के विकास में बाधा बने हैं।

## दैनिक राशिफल

**सोमवार 30 जून 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाढ़ शुक्ल पक्ष की पंचमी, नक्षत्र-मघा।**

मेष – स्वभाव में उग्रता और जिद्दीपन पर संयम रखें। शारीरिक मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। अधिक परिश्रम के अंत में कम सफलता से निराशा पैदा होगी।

वृषभ – आप सभी काम दृढ़ आत्मविश्वास और अटल मनोबल के साथ कर सकेंगे। पिता या पैतृक संपत्ति से लाभ होगा।

मिथुन – आज का दिन आपके लिए अच्छा और लाभदायी होगा। मित्र, बंधु–बांधवों एवं पड़ोसियों के साथ आप के संबंध अच्छे रहेंगे।

कर्क – आज का दिन मध्यम फलदायी है। आपके मन में ग्लानि रहेगी। जो भी काम करेंगे, उसमें आपको संतोष नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा नहीं रहेगा। दांयी आंख में परेशानी होने की आशंका बनी रहेगी।

सिंह – आज आपका दिन शुभ फलदायी है। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। हर काम को दृढ़ निश्चय के साथ पूरा कर पाएंगे।।

कन्या – आपका दिन शारीरिक एवं मानसिक चिंता के बोझ में रहेगा। आज किसी के भी साथ आपके इगो का टकराव न हो इसका विशेष ध्यान रखें।

तुला – आज का दिन शुभ फलदायी है। आज आपको कई तरह के लाभ होने के योग हैं। मित्रों के साथ मिलना–जुलना और कुछ मनोहर स्थलों पर घूमने जाने की संभावना बनी रहेगी।

वृश्चिक – आज का दिन शुभ फलदायी है। आपके गृहस्थ जीवन में आनंद और उल्लास बना रहेगा। आपके सभी काम बिना अवरोध के पूरे होंगे।

धनु – आज किसी भी तरह की यात्रा को टालना आपके हित में रहेगा। आज आपके शरीर में थकान रहेगी। स्वास्थ्य कुछ नरम–गरम रहेगा। मन में व्याकुलता रहेगी।

मकर – आपके कार्यालय एवं व्यापार में परिस्थिति आपके अनुकूल होगी। आज समय पर ऑफिस के काम पूरे कर पाएंगे।

कुंभ – आज आप में दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास बहुत ज्यादा रहेगा। मैरीड कपल के बीच रोमांस बना रहेगा। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी।।

मीन – आज आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आप आत्मविश्वासी बने रहेंगे। आरोग्य खूब अच्छा रहेगा। घर में शांति और आनंद का वातावरण बना रहेगा।

3,8,4,9–31,85,47,93,18,67,22,71

## वैश्य विभूति सम्मान से अलंकृत हुए राजकुमार जैन, अनिल कुमार जैन और शेखर खरया

### वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश का जिला सम्मेलन



**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत दिवस देश प्रदेश में समाज सेवा के क्षेत्र में काम करने वाले वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के द्वारा समय–समय पर अपने बीच के समाज सेवा के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वालों का सम्मान किया जाता है जिससे आने वाली पीढ़ी को उसका अनुसरण कर सके इसी क्रम में वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के जिला सम्मेलन नरसिंहपुर में नरसिंहपुर जिले के समाज सेवा के क्षेत्र में काम करने वाले विशिष्ट जनों का सम्मान किया गया।

इसी क्रम में गोटेगांव से धर्म , संस्कृति, शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में काम करने वाले अपने बीच के वरिष्ठ जनों का भी सम्मान किया गया, धर्म शिक्षा समाज सेवा के कार्यों में तन मन धन से सहयोग करने वाले दिगंबर जैन समाज के जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन, प्रतिष्ठित व्यापारी,समाजसेवी जिला संरक्षक सिंघई अनिल कुमार जैन अनुपम, एवं मुन्ना ट्रस्ट के अध्यक्ष संगठन के संरक्षक शेखर खरया को सम्मान पत्र समर्पित करते हुए वैश्य विभूति अलंकरण से अलंकृत किया गया।,,जिला सम्मेलन में, विशेष रूप से उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, महिला इकाई प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन, प्रदेश महामंत्री सुनील कोठारी, जिला अध्यक्ष अजय कुमार जैन, जिला प्रभारी बी डी सोनी,महिला इकाई जिला अध्यक्ष सपना जैन,कार्यकारी जिला अध्यक्ष सुधीर जैन, प्रदेश कर समिति सदस्य मिनेंद्र डागा, संभाग उपाध्यक्ष नवनीत चाचा,संभाग संगठन मंत्री अनिल गुप्ता, युवा इकाई संभाग अध्यक्ष इंजी, जितेंद्र गुप्ता, जिला प्रभारी अमित जैन, जिला अध्यक्ष आयुष कठल सभी तहसीलों के पदाधिकारीयों, अनेक विशिष्ट को सम्मान दिया गया।

## जल गंगा संवर्धन योजना के समापन और बीज वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यमंत्री पटेल

**बटियागढ़, देशबन्धु।** बटियागढ़ जनपद क्षेत्र में रविवार को ग्रामीण विकास की दिशा में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। आजीविका मिशन के अंतर्गत आयोजित सम्मान समारोह में उन सचिवों एवं सरपंचों को जनपद पंचायत द्वारा सम्मानित किया गया जिन्होंने पंचायत स्तर पर महिला स्व–सहायता समूह, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण, एवं आजीविका संवर्धन जैसे क्षेत्रों में सराहनीय कार्य किया है।

जनपद पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राज्य मंत्री पशुपालन एवं डेयरी विभाग लखन पटेल उपस्थित रहे। उन्होंने सरपंचों एवं पंचायत सचिवों को प्रमाण पत्र एवं शॉल–श्रीफल भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। मंत्री पटेल ने कहा कि गांव के विकास में पंचायतों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिला समूहों की आजीविका को सशक्त बनाने का प्रयास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में जल संसाधन विभाग द्वारा चल रही जल गंगा संवर्धन योजना के समापन अवसर पर राज्य मंत्री लखन पटेल ने योजना की सफलता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जल संरक्षण के उद्देश्य से प्रारंभ की गई यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों, नालों, और कुओं की सफाई, गहरीकरण एवं पुनर्भरण जैसी गतिविधियों पर केंद्रित रही है।

मंत्री पटेल ने कहा, बुंदेलखंड जैसे अर्ध–शुष्क क्षेत्र में जल का एक–एक बूँद बहुमूल्य है। इस अभियान के तहत बटियागढ़ विकासखंड में हजारों हेक्टेयर भूमि पर जल संरक्षण की संरचनाएं बनाई गईं जिससे किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। समारोह में ही कृषि विभाग द्वारा आयोजित बीज वितरण कार्यक्रम के तहत किसानों को उन्नत किस्म की बीज मिनी–किट वितरित की गईं।